भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1423
गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वैश्विक महामारी के दौरान गोवा पर पर्यटन का प्रभाव

1423 श्री देरेक ओब्राईनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि स्थानीय आबादी के विरोध के बावजूद कोविड-19 महामारी के दौरान गोवा में पर्यटन की अनुमति दी गई थी;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या मंत्रालय ने गोवा में मरने वालों की संख्या पर महामारी के दौरान पर्यटन के प्रभाव का अध्ययन किया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मंत्रालय की स्थानीय लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन गतिविधियों को संतुलित करने की योजना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): महामारी की पहली लहर के दौरान, लॉकडाउन था और सभी होटल बंद कर दिए गए थे। चूंकि, गोवा में बहुत से पर्यटक फंसे हुए थे और फंसे हुए यात्रियों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाएं जैसे कि भोजन, चिकित्सा सहायता आदि को पूरा करने के लिए केवल उन्हीं होटलों को होटल खुला रखने की अनुमति दी गई थी तथापि उद्योग के रूप में लॉकडाउन के कारण पर्यटन क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ था, सरकार ने सख्त मानक संचालन प्रक्रियाओं के साथ 08.07.2020 से होटल संचालन शुरू करने का निर्णय लिया। जो होटल अपना संचालन शुरू करने के इच्छुक हैं, उन्हें आतिथ्य सेवाओं की शुरुआत के लिए अलग पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करना होगा, जिसमें सख्त कोविड -19 प्रोटोकॉल और होटल व्यवसायियों द्वारा पर्यटकों और कर्मचारियों के संबंध में स्वच्छता, तापमान जांच और सामाजिक दूरी बनाए रखने के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा।

(ग): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पर्यटन पर महामारी के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए कोई राज्य-वार औपचारिक अध्ययन नहीं कराया गया है।

घ): जी, हां महोदय। पर्यटन गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए, गोवा सरकार ने एक सुदृढ़ टीकाकरण कार्यक्रम चलाया है जिसमें टीकाकरण की मांग को पूरा करने के लिए टीकाकरण के अतिरिक्त केंद्र खोले गए हैं। वर्तमान में 2.22 लाख आबादी को टीके की एक खुराक लगाई गई है और 10.42 लाख को दोनों खुराकें दी गई हैं।

****